प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–**cm-537**
03/11/2017

श्रम संसाधन विभाग ने आई0टी0आई0 एवं नियोजनालय के संबंध में मुख्यमंत्री के समक्ष दिया प्रस्तुतीकरण

पटना 03 नवम्बर 2017 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित नेक संवाद में आई0टी0आई0 से संबंधित श्रम संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रधान सचिव श्रम संसाधन श्री दीपक कुमार सिंह ने आई0टी0आई0 एवं नियोजनालय से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण मुख्यमंत्री के समक्ष दिया। आई0टी0आई0 प्रशिक्षक की बहाली, इंप्लॉयमेंट एक्सचेंज, कैरियर कन्सल्टेंसी की आउट सोर्सिंग, प्राइवेट पार्टनरशिप के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। एग्रीकल्चर इक्युपमेंट, कंज्यूमर गुड्स वाले टेक्नोलॉजी के माध्यम से आई0टी0आई0 से पास करने वाले छात्रों को रोजगार उपलब्ध कराने के के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गयी।

मुख्यमंत्री ने प्रस्तुतीकरण देखने के उपरांत आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गर्ल्स आई0टी0आई0 में हॉस्टल, चहारदीवारी, शौचालय, मेस की व्यवस्था निश्चित रूप से रहनी चाहिये। प्रत्येक जिले में खुलने वाले आई0टी0आई0 के प्रगति के बारे में भी आवश्यक निर्देश दिए। श्रम संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा ने भी इस संबंध में अपने सुझाव दिए।

बैठक में प्रधान सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, विकास आयुक्त श्री शिशिर सिन्हा, प्रधान सचिव श्रम संसाधन श्री दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चन्द्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, विशेष सचिव श्रम संसाधन श्री पंकज कुमार पाल, अपर सचिव श्रम संसाधन श्रीमती असीमा जैन सहित श्रम संसाधन विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

******